# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 जून 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

**भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश सेचुरेशन की भावना से आगे बढ़ रहा है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। इन सफलताओं ने एक विश्वास जगाया है, कि आने वाला समय और बेहतर होगा, हर कदम पर भारत और भी सशक्त होगा।**

श्री मोदी ने कहा कि भारत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया है।

**आप में से बहुत से लोगों ने आँखों की एक बीमारी के बारे में सुना होगा – ट्रेकोमा। ये बीमारी बैक्टीरिया से फैलती है। एक समय था जब ये बीमारी देश के कई हिस्सों में आम थी। ध्यान नहीं दिया जाए, तो इस बीमारी से धीरे–धीरे आँखों की रोशनी तक चली जाती थी। हमने संकल्प लिया कि ट्रेकोमा को जड़ से खत्म करेंगे। और मुझे आपको ये बताते हुए बहुत खुशी है कि – 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भारत को ट्रेकोमा फ्री घोषित कर दिया है।**

प्रधानमंत्री ने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने इमरजेंसी का डटकर मुकाबला किया था। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र गए भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का भी जिक्र किया और कहा कि भारत ने एक नया इतिहास रचा है।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय दौरे पर कल गोरखपुर आ रहीं हैं। यहां वह कल दोपहर में एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। जबकि अगले दिन एक जुलाई को वह प्रदेश के पहले महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगी। इसके साथ ही राष्ट्रपति महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह और पंचकर्म केन्द्र के लोकार्पण तथा महिला छात्रावास के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगी। इन कार्यक्रमों में राज्यपाल , आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति के गोरखपुर दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये हैं। कल और एक जुलाई को महानगर की यातायात व्यवस्था में भी आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में बैठक कर प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि नदियों के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन की अनुमति नहीं दी जाए। यदि ऐसी गतिविधियां सामने आती हैं तो सम्बंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि उपखनिजों के नए पट्टों की प्रक्रिया मानसून काल में पूरी की जाए, ताकि 15 अक्टूबर से खनन कार्य प्रारंभ हो सके।

**********

आज 19वां सांख्यिकी दिवस है। यह दिवस प्रतिवर्ष प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महलानोबिस की स्मृति में मनाया जाता है। प्रोफेसर महलानोबिस सांख्यिकी और आर्थिक आयोजना के क्षेत्र की एक नामी हस्ती थे। आज इस अवसर राजधानी लखनऊ और मऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में **राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष** की थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**********

प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने लगी है। अधिकांश जिलों में बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। इस बीच गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********